भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- †3033**

उत्तर देने की तारीख- 07/08/2025

**नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्‌यालयों के लिए स्थान**

†3033. श्री बस्तीपति नागराजू:
डॉ. मन्ना लाल रावत:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में और अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्‌यालय (ईएमआरएस) स्थापित करने का है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है और नए ईएमआरएस स्थापित करने के लिए चिन्हित स्थानों का राज्य-वार, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में व्यौरा क्या है और उक्त विद्‌यालयों का कार्य पूर्ण होने तथा उनके आरम्भ होने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ख) उक्त ईएमआरएस के निर्माण के लिए आवंटित और संवितरित निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार राजस्थान के जनजातीय बहुल जिलों, विशेषकर उदयपुर, सलूंबर, प्रतापगढ़ और डूंगरपुर में नए ईएमआरएस स्थापित करने का है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी स्थान-वार ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार की जनजातीय छात्रों की उच्च शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने के लिए नीट, आईआईटी-जेईई, सीयूईटी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ईएमआरएस के अंतर्गत विशेष तैयारी पाठ्‌यक्रम या कोचिंग शुरू करने की कोई योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) ऐसे कितने ईएमआरएस हैं जहां उक्त कार्यक्रम कार्यान्वित किए गए हैं और इस प्रयोजन के लिए कौन-कौन सी एजेंसियां या संगठन कार्यरत हैं?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क):** वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**(ख):** राज्य ईएमआरएस सोसायटियों के समन्वय से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्‌यालय (ईएमआरएस) की योजना के प्रबंधन और कार्यान्वयन के लिए एक स्वायत्त संगठन, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) की स्थापना की गई है। मंत्रालय द्‌वारा एनईएसटीएस को निधियां जारी की जाती है और एनईएसटीएस आगे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निर्माण एजेंसियों/राज्य समितियों को ईएमआरएस के निर्माण

और स्कूलों के संचालन की आवर्ती लागत के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार निधियां जारी करता है। एनईएसटीएस द्वारा दी गई सूचना के अनुसार ईएमआरएस के निर्माण हेतु जारी की गई राज्य-वार निधि का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

**(ग):** राजस्थान के उदयपुर और सलूंबर ज़िलों में 8 अनुमोदित ईएमआरएस हैं। इसी प्रकार, प्रतापगढ़ और डूंगरपुर ज़िलों में भी 4-4 अनुमोदित ईएमआरएस हैं। इसके अलावा, वर्तमान में कोई नया प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**(घ) तथा (ड.):** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने एनईएसटीएस के माध्यम से जनजातीय छात्रों को एनईईटी, आईआईटी-जेईई और सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के भीतर विशेष तैयारी पाठ्यक्रमों और कोचिंग कार्यक्रमों का प्रावधान किया है, जिससे उच्च शिक्षा तक उनकी पहुंच बढ़ सके। वर्तमान में, 3 ईएमआरएस में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) कार्यशील हैं। इसके साथ, सभी ईएमआरएस में एनजीओ के माध्यम से ऑनलाइन कोचिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

**अनुलग्नक-I**

**श्री बस्तीपति नागराजू और डॉ. मन्ना लाल रावत द्वारा "नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए स्थान" के संबंध में उठाए गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या †3033 के उत्तर के भाग (ख) में संदर्भित अनुलग्नक।**

**ईएमआरएस के निर्माण हेतु राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार जारी निधि का ब्यौरा**

**(लाख रुपये में)**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **2024-25** | **2025-26 (30/07/2025 तक)** |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 13,751.56 | 5,586.88 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1,335.45 | 2,744.71 |
| असम | 10,638.59 | 1,994.12 |
| बिहार | 34.12 | 974.15 |
| छत्तीसगढ़ | 65,031.06 | 7,413.23 |
| गुजरात | 12,475.77 | 5,356.90 |
| हिमाचल प्रदेश | 390.08 | - |
| झारखंड | 59,454.16 | 21,329.30 |
| कर्नाटक | 2,739.95 | - |
| केरल | 386.75 | - |
| लद्दाख | 17.41 | - |
| मध्य प्रदेश | 13,548.94 | 2,045.16 |
| महाराष्ट्र | 17,629.30 | 504.77 |
| मणिपुर | 851.54 | 7,228.54 |
| मेघालय | 31,442.72 | 334.90 |
| मिजोरम | 12,308.98 | - |
| ओडिशा | 53,637.93 | 11,909.42 |
| राजस्थान | 3,237.77 | 270.55 |
| तमिलनाडु | 371.67 | 1,061.45 |
| तेलंगाना | 7,162.34 | 2,057.41 |
| त्रिपुरा | 8,331.39 | 1,395.63 |
| उत्तर प्रदेश | 399.41 | - |
| उत्तराखंड | 2,692.19 | 146.42 |
| **कुल** | **3,17,869.06** | **72,353.54** |

*****